हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 22 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी : 17 हजार छात्र, युवा व नागरिकों ने किया अवलोकन
4



## खबर संक्षेप

### दलहन-तिलहन खरीदी के लिए 28 तक करा सकते हैं फसलों का पंजीयन

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 में दलहन एवं तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि 28 फरवरी तक निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर 8000 प्रति क्विंटल, मूंग 8768 प्रति क्विंटल), उड़द 7800 प्रति क्विंटल), मूंगफली 7263 प्रति क्विंटल) एवं सोयाबीन 5328 प्रति क्विंटल को अधिसूचित किया गया है। अरहर की उपार्जन अवधि 15 मई 2026 तक रहेगी, वहीं मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की संशोधित उपार्जन अवधि 24 अप्रैल 2026 तक निर्धारित है। वहीं रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना 5875 प्रति क्विंटल, मसूर 7000 प्रति क्विंटल) एवं सरसों 6200 प्रति क्विंटल की खरीदी की जाएगी। चना एवं मसूर की उपार्जन अवधि 1 मार्च से 30 मई तक तथा सरसों की 15 फरवरी से 15 मई तक निर्धारित की गई है।

### अब हर मंगलवार को सुबह 11 बजे से होगा साप्ताहिक जनदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशन के परिपालन में कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा जिले में आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार प्रत्येक सप्ताह समय-सीमा की बैठक सोमवार को प्रातः 10 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी तथा प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनदर्शन अब मंगलवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रत्येक मंगलवार तथा बुधवार को कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे एवं आम जनता से भेंट हेतु निर्धारित समय को कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करेगें एवं आमजनों की समस्याओं का समाधान व कार्यालयीन लंबित प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे।

### निःशुल्क बायोनिक हाथ के लिए राज्य स्तरीय मापन शिविर कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग के सहयोग से इनाली फाउंडेशन द्वारा राज्य के अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ प्रदाय किए जाने हेतु राज्य स्तरीय मापन शिविर का आयोजन ठाकुर मेरिज पैलेस, वोलफोर्ट सिटी के सामने रायपुर में किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि शिविर में अस्थि बाधित दिव्यांग जनों को 23 फरवरी को सम्मिलित कराए जाने हेतु समाज कल्याण विभाग, जिला जांजगीर-चांपा द्वारा निःशुल्क आवागमन की व्यवस्था की गई है। शिविर में शामिल होने के इच्छुक दिव्यांगजन अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 22 फरवरी तक राजेश देवांगन, परिवीक्षा अधिकारी एवं रवि देवांगन से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### तीन दिवसीय सद्गुरू कबीर संत समागम आगाज आज से

**डोंगाकोहरौद।** सद्गुरु कबीर पारख सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में त्रिदिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम का आयोजन ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद बाजार प्रांगण में सोमवार 23 फरवरी से होगा। इसमें भजन, प्रवचन, एवं सत्संग के कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार से कबीर पंथी श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया हैं। समिति के रमाकांत पटेल ने बताया कि 23, 24, 25 फरवरी को भजन, सत्संग प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे होगा। वहीं दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक भजन संध्या होगी। जिसमें मुख्य प्रवक्ता गुरुदेव परीक्षा साहेब कबीर आश्रम जियनपुर अयोध्या उत्तरप्रदेश से अपनी संत मण्डली से पहुंच रहे हैं।

---

तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या पहुंची 7 लाख 80 हजार 236

# एसआईआर : 7 हजार बढ़ने के बाद जिले में कम हुए 65 हजार मतदाता

.हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य को लेकर बीते चार महीने से चल रही मशक्कत के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस दौरान जारी आंकडों के मुताबिक जिले में मतदाताओं की संख्या में 65 हजार से अधिक कमी आई है। खास बात यह है कि यह कमी शुद्धिकरण के दौरान 7 हजार नाम जुडने के बाद हो रही है। जिले में जहां कुल मतदाताओं की संख्या जहां 8 लाख 45 हजार से अधिक थी, वह 7 लाख 80 हजार पर आ गई है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चार महीने तक चले निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शनिवार 21 फरवरी को किया गया। जारी सूची के अनुसार जिले में कुल 7 लाख 80 हजार 236 मतदाता पंजीकृत है। बताया जाता है कि मतदाता सूची ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद 7 हजार 11 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई, जबकि पूर्व में आंकडों पर नजर डाली जाए तो जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 45 हजार 577 थी जो कि 4 महीने तक चले गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान 7 लाख 73 हजार 225 पर आ गई। इस दौरान जो आवेदन प्राप्त हुए है और उसके आधार पर मतदाताओं के नाम जोडने का काम हुआ तो जिले में 7 हजार 11 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई, जिसके बाद कुल मतदाताओं की संख्या 7 लाख 73 हजार 225 से बढ़कर 7 लाख 80 हजार 236 जा पहुंची।


मतदाता सूची का प्रकाशन करते कलेक्टर, एडीशनल कलेक्टर व राजनीतिक दल के प्रतिनिधि

### मतदाता सूची के मुख्य बिन्दु

| | | |
|---|---|---|
| पहले कुल मतदाता | - | 8 लाख 45 हजार 577 |
| प्रारूप प्रकाशन के बाद | - | 7 लाख 73 हजार 225 |
| अंतिम मतदाता सूची | - | 7 लाख 80 हजार 236 |
| शुद्ध वृद्धि | - | 7 हजार 11 |
| **कहा कितने मतदाता** | | |
| अकलतरा विधानसभा | - | 2 लाख 17 हजार 971 |
| जांजगीर-चांपा | - | 2 लाख 11 हजार 975 |
| पामगढ़ | - | 2 लाख 15 हजार 159 |

### सक्ती जिले में 6 लाख 70 हजार मतदाता

**सक्ती।** निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के विभिन्न चरणों के प्रभावी संचालन के बाद निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिसके अनुसार सक्ती जिले में कुल 6 लाख 70 हजार मतदाता है। शनिवार 21 फरवरी को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की बैठक लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार सक्ती जिले की कुल मतदाता 6 लाख 70 हजार 283 मतदाता पंजीकृत है। एसआईआर पश्चात 9 हजार 331 मतदाताओं की वृद्धि हुई हैं। मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने या मतदाता सूची से अपना नाम हटवाने से संबंधित दावे और आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी के बीच प्रस्तुत किए गए थे। प्राप्त दावे, आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया गया। मतदाता सूची के आंकड़ों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सक्ती विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 6 हजार 675 मतदाता, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र 2 लाख 19 हजार 329 मतदाता और जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 44 हजार 279 मतदाता हैं, इस प्रकार जिले के कुल मतदाता 6 लाख 70 हजार 283 है। एसआईआर के दौरान सक्ती विधानसभा क्षेत्र में 3181 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए तथा 673 मतदाताओं के नाम काटे गए। इस प्रकार इस विधानसभा क्षेत्र में 2508 मतदाताओं की वृद्धि हुई, वही चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में 3703 मतदाताओं के नाम जोड़े गए और 113 मतदाताओं के नाम काटे गए, इस प्रकार कुल 3590 मतदाताओं की वृद्धि हुई। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में 3306 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से जोड़े गए और 73 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में काटे गए। इस प्रकार इस विधानसभा में 3233 मतदाताओं की वृद्धि हुई। इस प्रकार सक्ती जिले में 10190 मतदाताओं के नाम जोड़े तथा 859 के नाम काटे गए है।

---

# रेलवे स्टेशन के बाहर 5 किलो गांजा के साथ पकड़े गए तस्कर

## अकलतरा पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त कार्रवाई




.हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

गांजा तस्करी करते दो तस्कर 5 किलो से अधिक गांजा के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने दोनों को पकड़ा। क्षेत्र में खपाने के लिए उड़ीसा से गांजा लाया गया था। जब्त गांजा की कीमत 2 लाख 58 हजार रुपए बताई जा रही है।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अकलतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 5 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन अकलतरा के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई तथा रेलवे सुरक्षा बल से भी संपर्क कर संयुक्त रूप से घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 5.161 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 58 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर क्षेत्र में खपाने की फिराक में थे।मुख्य आरोपी अभिषेक सूर्यवंशी 21 वर्ष निवासी ग्राम सारागांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना अकलतरा से निरीक्षक भास्कर शर्मा, एसआई बी.एल. कोसरिया, गौकरण राय, गुलशन लकड़ा, बसंत साहू तथा रेलवे सुरक्षा बल मंडल टास्क टीम बिलासपुर के प्रधान आरक्षक आर.पी. द्विवेदी, सत्यम सरकार एवं रणवीर का योगदान रहा।

### बम्हनीडीह में 4 किलो गांजा के साथ पकड़ाया गुंडा बदमाश

**जांजगीर-चांपा।** होली त्योहार की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने गुंडा बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी निगरानी अभियान के तहत बम्हनीडीह क्षेत्र में पुलिस ने एक गुंडा बदमाश रजत उर्फ गोलू दीवान को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बम्हनीडीह- बिर्रा मेन रोड चारपारा रोड में रेड कार्यवाही कर पुलिस ने बम्हनीडीह निवासी 31 वर्षीयरजत दीवान उर्फ गोलू को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से 4.774 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

---

## जंगल में लगाए गए करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बलौदा क्षेत्र के छाता जंगल में जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाए गए करंट तार की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मामले में बलौदा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**
- बलौदा थाना क्षेत्र के छाता जंगल की घटना, अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार छाता जंगल क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा जंगली सूअर को मारने के उद्देश्य से बिजली करंट युक्त तार बिछाया गया था। इसी दौरान ग्राम खिसोरा निवासी अनिल कुमार लहरें किसी काम से जंगल से गुजर रहा था। वह करंट तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना बलौदा पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपियों ने अवैध रूप से बिजली करंट का उपयोग कर जंगली जानवरों के शिकार की मंशा से यह तार लगाया था, जो मानव जीवन के लिए घातक साबित हुआ।

उल्लेखनीय है कि जंगली क्षेत्रों में जानवरों का शिकार करने इस तरह के करंट तार लगाए जाते है। कई बार अंजान ग्रामीण इसकी चपेट में आकर काल के गाल में समा जाते है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना बलौदा पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि जंगली जीवों को नुकसान पहुंचाने वाले इस प्रकार के अवैध कृत्यों से दूर रहें। ऐसे कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इससे मानव जीवन और पर्यावरण दोनों को गंभीर खतरा होता है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि इस तरह की घटनाओं में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बिना अनुमति लिए अवकाश पर नहीं रहेंगे कर्मचारी

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र दिनांक 23 फरवरी से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के तहत कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर, सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जावेगें। जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें।

## चोरी के माल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बिर्रा पुलिस एवं सायबर टीम ने चोरी के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के गहने व मोबाईल के साथ घटना में प्रयुक्त कार को जप्त किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम तालदेवरी में रहने वाली श्रीमती कृष्णो साहू 29 जनवरी की रात खाना खाकर अपने परिवार के साथ सो गई। सुबह 4 बजे सोकर उठी तो देखा कि कमरे का अलमारी खुला था और अंदर लाकर में रखे सोना का एक लाकेट कीमती 6 हजार रुपए, सोने का टाप्स कीमती 73 हजार 250 रुपए एवं चांदी की एक जोड़ी पायल कीमती 6 हजार 750 रुपए, एक मोबाइल और नगदी रकम 30 हजार रुपए गायब थे। कुल 1 लाख 19 हजार के चोरी की रिपोर्ट बिर्रा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।थाना बिर्रा स्टॉफ एवं साइबर टीम की संयुक्त टीम द्वारा संदेही राज कुमार कर्ष पिता रेशमलाल कर्ष उम्र 28 वर्ष निवासी मुड़पार थाना शिवरीनारायण, जितेन्द्र साहू पिता मूलचंद साहू उम्र 28 वर्ष निवासी कनस्दा थाना शिवरीनारायण, विनोद कुमार कर्ष पिता दुकराम कर्ष उम्र 39 वर्ष निवासी टुण्ड्रा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार को पकड़ा। हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो तीनों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से सोने का 1 जोड़ा कनौती टाप्स, सोने की 1 जोडी टाप्स, 2 जोड़ी चांदी पायजेब एवं सोना का 9 फर वाला गाला, 1 रियलमी मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त वाहन मारूती इक्को क्रमांक सीजी 10 बी.जे. 2180 को जप्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्यवाही में सायबर टीम से प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, राजकुमार चंद्रा, माखन साहू गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, श्रीकांत सिंह, रोहित कहर प्रतीक सिंह, शाहबाज एवं थाना बिर्रा से निरीक्षक जय कुमार साहू, एएसआई टी. आर जांगडे, प्रधान आरक्षक संजय, विवेक सिंह, गौतम पाण्डेय, दोमनिक तिग्गा, आरक्षक रघुवीर यादव, रामसाय साहू, पत्तिराम यादव, भुवनेश्वर साहु, लक्ष्मीनारायण कश्यप का योगदान रहा।


जब्त जेवरात के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## सारागांव में बिजली चोरी करते 6 पकड़े गए, होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

चोरी की बिजली से घर रोशन करने वाले 6 लोगों के खिलाफ विद्युत मंडल ने कार्रवाई की है। स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी। अब सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

बिजली चोरी पर लगाम कसने विद्युत मंडल द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजली विभाग ने सारागांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा। यह अभियान विभाग के एस ई अमर चौधरी एवं ई ई अजय भारद्वाज के निर्देश पर चलाया गया। बिजली विभाग के ए ई अंकित सोनी ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि संबंधित उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से पहले सर्विस वायर को काटकर सीधे बिजली आपूर्ति ले रहे थे। इस अवैध कनेक्शन के माध्यम से लंबे समय से बिजली चोरी की जा रही थी, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा था। कार्रवाई के दौरान सभी 6 उपभोक्ताओं के खिलाफ पंचनामा तैयार कर लिया गया है। विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ थाना सारागांव में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिजली विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिजली चोरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इसी प्रकार की सघन जांच व कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

---

हिन्दी विषय के पर्चे के साथ कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

## नकल पर नकेल कसने माशिमं सदस्य के साथ अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल की वार्षिक परीक्षाएं शनिवार से हिंदी पर्चे के साथ शुरू हुई । परीक्षा के लिए चांपा में चार केंद्र बनाए गए है। इनमें दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे ।

नकल पर नकेल कसने माशिमं सदस्य के साथ ही अधिकारियों ने शनिवार 21 फरवरी को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी एवं बीईओ बम्हनीडीह की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बरपाली चांपा , स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय चांपा के परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था एवं परीक्षा गतिविधियों की जानकारी ली। बोर्ड मेंबर ने सम्बंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष से परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली और सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए । निरीक्षण के दौरान टीम परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही नकल की रोकथाम के लिए चौकस रहने की हिदायत दी।


परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते माशिमं सदस्य।

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12 बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी को भूगोल और भौतिक विज्ञान से शुरू हुआ है। बम्हनीडीह विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। तालदेवरी सिलादेही बोरसी और बिर्रा से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीडीएस स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर से परीक्षार्थी शामिल हुए। केंद्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा ने बताया कि 12 कक्षा में कुल 233 परीक्षार्थी में 2 छात्र अनुपस्थित रहे। वही हाई स्कूल 10 वीं का हिन्दी पर्चा के साथ शुरू हुआ है। जिसमें 367 में 6 बच्चे अनुपस्थित रहे।

### अनुपस्थित रहे 441 विद्यार्थी

कक्षा दसवीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले में 13 हजार 412 विद्यार्थी पंजीकृत थे। शनिवार को हुई परीक्षा में 12 हजार 971 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 441 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में दसवीं की हिन्दी परीक्षा में नकल का कोई प्रकरण नहीं बना।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के दर्री निवासी 20 वर्षीय रवि यादव नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया। नाबालिग को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। मामले की रिपोर्ट पामगढ़ थाने में दर्ज हुई। रिपोर्ट के बाद से रवि यादव फरार हो गया था। पुलिस उसकी पतासाजी में जुटी थी। सायबर टीम की तकनीकी जांच में पता चला कि वह पंजाब में छिपा है। पुलिस टीम ने पंजाब जाकर उसे पकड़ लिया। हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाना एवं शादी का झांसा देकर अनाचार करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी रवि यादव को 21 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा । कार्यवाही में थाना प्रभारी पामगढ़ सावन सारथी, सहायक उप निरीक्षक रामदुलार साहू, महिला प्रधान आरक्षक मंजू सिंह आरक्षक उमेश दिवाकर महिला आरक्षक सविता पटेल व थाना पामगढ़ स्टाफ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप




### चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जी राम जी योजना के बारे में दी जानकारी

**हरदीबाजार।** अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के आह्वान पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर के नेतृत्व में हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल के सहयोग से कार्यकर्ताओं ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेंकी पहुंचकर ग्रामीणों को भारत-जी राम जी योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान श्री राठौर ने कहा कि यह मनरेगा का उन्नत रूप है, ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों के गारंटीकृत रोजगार की सुविधा देती है। दिसंबर 2025 में घोषित इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आय में वृद्धि करना, विकास कार्यों (जल संरक्षण, बुनियादी ढांचे) को प्राथमिकता देना और एक सप्ताह के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना, गरीबी दूर करना और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना। मनरेगा के 100 दिनों के बजाय अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी। काम के बाद 15 दिनों के भीतर मजदूरी न मिलने पर ब्याज सहित भुगतान का प्रावधान। गांव के विकास के काम ग्राम पंचायत और ग्राम सभा द्वारा तय किए जाएंगे।

### दर्री पुलिस ने डीजे संचालकों की ली बैठक, शांति सुरक्षा पर दिया जोर

**कोरबा।** होली पर्व पर किसी तरह की मारपीट व शोर शराबा न हो इसके लिए दर्री पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक ली गई। दर्री टीआई आशीष सिंह ने बताया कि होली पर विभिन्न स्थानों में होने वाले कार्यक्रम में आप अपना व्यवसाय जरूर करें लेकिन इस दौरान नियम पालन का ध्यान रखा जाए। कहीं भी डीजे के शोर-गुल से आम लोगों को बाधा उत्पन्न न हो। परीक्षा के दौर में यह त्योहार आयोजित होना है इसलिए प्रशासन की ओर से जारी किए गए दिशा निर्देश का ख्याल रखा जाए। जिस अवधि के लिए आपको परमिशन मिली हुई है उसके बाद कहीं भी शोर-शराबा जैसी स्थिति न रहे। पूरे काम को सुरक्षा के साए में किया जाए यह प्राथमिकता होनी चाहिए। डीजे पर होली से संबंधित गानों को बजाएं जरूर पर अश्लीलता और फूहड़ता वाली स्थिति से दूर रहें। ऐसे किसी भी मामले में कहीं से भी शिकायत प्राप्त होती है तो पुलिस निश्चित रूप से हस्तक्षेप के साथ कार्यवाही करेगी। इसमें पेनाल्टी से लेकर जब्ती भी होगी। टीआई आशीष सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी होली के नाम पर लोगों से जबरिया उगाही करने और उनका रास्ता रोकने के प्रकरणों में भी नजर रखी जा रही है। इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे काम में संलिप्त तत्वों पर एक्शन होगा, चाहे वे किसी भी विचारधारा के समर्थक क्यों न हो।

### नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



**कोरबा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण पीएचसी नगरी निकाय मंत्री अरुण साव से नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, पार्षद पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी सौजन्य भेंट कर विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दिया। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु देवांगन, अविनाश सिंह, रोहित जायसवाल, सुखसागर साहू उपस्थित रहे।

### तीन आंगनबाड़ी भवनों का विधायक ने किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा में तीन नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। आंगनबाड़ी भाटपारा, आवासपारा एवं सराईपाली में प्रत्येक भवन के लिए 11 लाख 69 हजार रुपये की लागत से निर्माण किया जाएगा। इन भवनों का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण से बच्चों को बेहतर सुविधा, पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा का वातावरण मिलेगा। उन्होंने ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के विकास कार्यों से क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को दुष्यंत शर्मा ने भी संबोधित किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि कौशल श्रीवास, पंच लंबोदर कंवर, उमेद सिंह, माखन पटेल, माधुरी पटेल, शांति लाल पटेल, कलेश पटेल, अंजली पटेल, चम्पा बाई पटेल, गौरी बाई, श्रवण पटेल, नंदलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिन कालेजों के पास नहीं है अपना भवन वहां नहीं बनेंगे परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विश्वविद्यालय के द्वारा नई गाइड लाइन जारी की गई है उसके तहत जिन कालेजों के पास अपना स्वयं का भवन नहीं है वहां महाविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाएंगे। इस स्थिति का सामना सरकार के ही 4 कालेजों को करना पड़ेगा। जिनके पास अब तक अपना स्वयं का भवन नहीं बन सका है। इन कालेजों के छात्रों को आसपास के शासकीय कालेजों में परीक्षा केंद्र दिया जाएगा।

उच्च शिक्षा के विस्तार एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुसार जिले में जटगा, रामपुर, उमरेली, बांकीमोंगरा में कालेज का संचालन तो शुरु कर दिया गया और ग्रामीण छात्र यहां प्रवेश भी लेने लगे किंतु जब परीक्षा का समय आया तो परीक्षा केंद्र बनाने के मामले में विश्वविद्यालय की गाइड लाइन आड़े आ गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने महाविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाने हेतु जो मापदण्ड तय किए हैं उसमें पहली प्राथमिकता स्वयं के भवन होने को लेकर बताई गई है। अगर किसी कालेज के पास अपना स्वयं का भवन नहीं है उसे परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा भले ही वहां छात्रों की दर्ज संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही हो। जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में ऐसे 4 कालेज सामने आए हैं जिनके पास स्वयं के भवन नहीं हैं। ये सभी कालेज हाईस्कूल के भवन में ही संचालित हो रहे हैं। जिनमें करतला विकासखंड के दो महाविद्यालय शामिल हैं। रामपुर कालेज और उमरेली कालेज, इनका सेंटर करतला महाविद्यालय में दिया जाएगा। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में जटगा में शासकीय कालेज संचालित है जिसे 5 वर्ष हो चुके हैं। जमीन भी आबंटित हो गई है किंतु भवन के लिए कोई पहल नहीं हो सकी। यहां के छात्र कटघोरा कालेज में परीक्षाएं देते हैं।

## 4 कालेजों के पास नहीं है अपना भवन

**खास बातें**

- विश्वविद्यालय ने भवन को किया है परीक्षा केंद्र के लिए अनिवार्य
- जटगा कॉलेज को पांच साल बाद भी नहीं मिला भवन



### जमीन के लिए भेजे गए हैं प्रस्ताव

शासकीय कालेजों के भवन निर्माण को लेकर उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें रामपुर, उमरेली और बांकीमोंगरा कालेज के भवन निर्माण हेतु जमीन आबंटन की भी बात लिखी गई है। 4 कालेजों में केवल जटगा शासकीय कालेज के लिए ही 5 एकड़ जमीन का आबंटन हुआ है। शेष कालेजों को भी भवन निर्माण हेतु इतनी ही जमीन की आवश्यकता होगी।

15 फरवरी से जंगल में शुरु हो जाता है अग्नि सीजन, ग्रामीणों को जोड़ने का हो रहा सीधा प्रयास

# जंगल को आग से बचाने वन विभाग गांव गांव में करा रहा है वॉल पेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल घने वनों से अच्छादित है। दोनों ही वन मंडल में बड़े पैमाने पर वन औषधीय के साथ-साथ वन्य जीव की भरमार है। जिसकी वजह से कोरबा का जंगल प्रदेश में एक अलग पहचान रखता है लेकिन हर साल गर्मी का सीजन आते ही जंगल धूंधू कर जलने लगता है जिससे वन्य प्राणियों के साथ-साथ वन औषधि भी नष्ट होते हैं। जंगल को बचाने के लिए इस बार वन विभाग की टीम ने गांव गांव में पहुंचकर वॉल पेंट का सहारा लिया है। ग्रामीणों को वॉल पेंट के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों के माध्यम से वन विभाग को जोड़कर जंगल को बचाने का बीड़ा उठाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल चारों तरफ साल सागौन के पेड़ से लगे हुए हैं। जिसकी वजह से दोनों ही जंगल में बड़े पैमाने पर दुर्लभ प्रजाति के औषधीय की भरमार है और इन्हीं वन औषधीय की बदौलत स्थानिक ग्रामीण बड़े पैमाने पर वन औषधि जंगल से तैयार करते हैं। खासतौर पर कटघोरा वन मंडल के पाली वन परिक्षेत्र के डोंगानाला में बड़े पैमाने पर वन औषधि तैयार कर बाजार में बेचा भी जाता है। साथ ही जंगल में विलुप्त प्रजाति के वन्य प्राणी भी पाए जाते हैं। कोरबा वन मंडल में किंग कोबरा सहित कई ऐसे बने वन्य प्राणी है जो विलुप्त प्रजाति के हैं। इन वन्य प्राणियों को बचाने के लिए वन विभाग हर तरह के संभव प्रयास भी कर रहा है लेकिन जैसे-जैसे गर्मी आना शुरू होता है वैसे-वैसे वन विभाग के अधिकारियों का टेंशन बढ़ता चला जाता है। जंगल में आग लगने की वजह से वन्य प्राणियों को जहां भारी नुकसान होता है वहीं दूसरी ओर वन औषधि भी जलकर पूरी तरह से खाक हो जाते हैं। इन्हें बचाना वन विभाग सहित ग्रामीणों की महत्ती जिम्मेदारी है।

लगातार जंगल को बचाने के लिए कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव और कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत द्वारा तरह-तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इस बार बताया जाता है कि दोनों ही वन मंडल में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को वन विभाग से जोड़ने और जंगल को आग से बचने के लिए गांव में वॉल पेंट का सहारा लिया जा रहा है। वॉल पॉइंट के माध्यम से लोगों को समझाया जा रहा है कि जंगल से ग्रामीणों को क्या-क्या लाभ मिलता है और जंगल में आग लग जाने से क्या-क्या नुकसान होता है। ऐसे ही स्लोगन के माध्यम से लोगों को जोड़कर जंगल को आग से बचने का प्रयास किया जा रहा है। निश्चित तौर पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं वॉल पेंट से आगजनी की घटना में कमी आएगी।



गांव की दीवालों में की गई वाल पेटिंग।

### पिछले दो वर्षों में 40 फीसदी कम हुई आगजनी की घटना

कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में कटघोरा वन मंडल में आगजनी के घटना में लगभग 40 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। इस साल वन विभाग का प्रयास है कि पिछले दो वर्षों की अपेक्षा इस साल और भी आगजनी की घटना कम से कम हो सके इस दिशा पर वन विभाग की टीम काम कर रही है। वन विभाग की टीम गांव गांव में बसने वाले ग्रामीणों को जोड़ने का प्रयास कर रही है और उन ग्रामीणों के माध्यम से ही जंगल में होने वाले आधुनिक को रोकने के लिए काम कर रही है।

### जंगल में आगजनी के नुकसान

जंगल में आग लगने से बड़े पैमाने पर पेड़-पौधे जलकर खाक हो जाते हैं, जिससे वनस्पति और जैव विविधता की हानि होती है। जंगली जानवरों की मौत हो जाती है, और उनके आवास नष्ट हो जाते हैं। आग से निकलने वाले धुएं से वायुमंडलीय प्रदूषण बढ़ता है। मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, और मिट्टी का क्षरण बढ़ता है। आग से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। वन उत्पादों की हानि होती है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। आसपास के गांवों के लोगों को भी नुकसान पहुंचता है, और उनकी आजीविका प्रभावित होती है।

# अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एसडीएम तन्मय खन्ना के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासनिक टीम ने मौके पर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर जप्त किया तथा उन्हें थाना कटघोरा में सुपुर्द किया है। प्रशासन की यह कार्रवाई कटघोरा तहसील क्षेत्र में लगातार बढ़ते अवैध उत्खनन पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से की गई है।

एसडीएम के निर्देशन में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर अवैध रेत खनन एवं परिवहन में संलग्न वाहनों पर त्वरित कार्रवाई की। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन से न केवल राजस्व की हानि होती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसी कारण जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर और भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि अवैध उत्खनन संबंधी कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि ऐसे कृत्यों पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सके।


जब्त ट्रैक्टर।

# रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर बनेगा रपटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त प्रयासों से शहर के विकास को नई दिशा मिल रही है। इसी कड़ी में रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर रपटा निर्माण हेतु 13 करोड़ 44 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति शासन से मिली है।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि पुरानी कोरबा शहर की वर्षों पुरानी मांग थी कि रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच एक रपटा का निर्माण हो जाए, ताकि सर्वमंगला मंदिर एवं कुसमुंडा या फिर कनकी बिलासपुर की ओर जाने के लिए उषा कॉम्प्लेक्स रेलवे क्रॉसिंग से सर्वमंगला पुल से घूम कर जाना ना पड़े। पुराने शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवकों एवं जनों द्वारा इसके लिए लंबे अरसे से मांग की जा रही थी। इस जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कोरबा आगमन पर उनसे विशेष आग्रह किया गया था, मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति प्रदान की थी। तत्पश्चात सेतु निगम के माध्यम से रपटा निर्माण हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया। इस महत्वपूर्ण निर्माण हेतु राज्य शासन द्वारा 13.44 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्दी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। इसके पूर्ण होने से सर्वमंगला पुल पर एक तरफ जहां यातायात दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र को विकास और समृद्धि की नई राह मिलेगी।

# सीईओ ने गुणवत्ताहीन कार्य एवं धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जनपद पंचायत कोरबा एवं करतला अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया तथा गुणवत्ताहीन एवं धीमी प्रगति वाले कार्यों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान ग्राम सरगबुंदिया, सालिहाभांठा एवं तुमान में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। ग्राम सरगबुंदिया के आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में लापरवाही एवं कार्य में ध्यान न दिए जाने पर सीईओ श्री नाग ने सरपंच, सचिव एवं सब इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पूर्व में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने के कारण सरगबुंदिया बस्ती में प्रस्तावित आंगनबाड़ी को निरस्त करने के आदेश भी दिए। ग्राम सालिहाभांठा में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य संतोषजनक पाया गया, जिसे सीईओ ने शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम तुमान के भांठापारा स्थित आंगनबाड़ी भवन में गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर सचिव एवं सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं तुमान के सड़कपारा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। तुमान के इमली टिकरा में भूमि विवाद के कारण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर सीईओ ने सरपंच एवं सचिव को 15 दिवस के भीतर विवाद का निराकरण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। अन्यथा आंगनबाड़ी भवन निरस्त करने की बात कही । ग्राम पंचायत धोराभाटा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सरपंच, सचिव एवं तकनीकी सहायक के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात सीईओ श्री नाग ने जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत गाढ़ापाली एवं सालिहाभाटा में नल-जल योजना के तहत पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से घर-घर संपर्क कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति के संबंध में चर्चा की तथा योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया।

ग्राम सालिहाभाटा में सीईओ ने ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था के सतत संचालन हेतु विद्युत बिल भुगतान के लिए ग्राम पंचायत द्वारा उचित कर निर्धारण करने की बात कही, ताकि योजना दीर्घकाल तक प्रभावी रूप से संचालित होती रहे। सीईओ श्री नाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


अधिकारियों को निर्देश देते सीईओ।

### शराब दुकान को अन्यंत्र शिफ्ट कराने संगठनों की मांग

**कोरबा।** शहर के पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग लगातार जारी है। जनभावनाओं एवं सामाजिक शांति-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उक्त विदेशी मदिरा दुकान को वर्तमान स्थल से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग विभिन्न सामाजिक,धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने की है। इस संबंध में वार्ड पार्षद श्रीमती सुलोचना यादव ने पत्र लिखा है। इनके अलावा जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रोटरी क्लब, मध्य नगरीय व्यापारी संघ, सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड, गुरु सिंह सभा इतवारी बाजार, श्री श्याम मित्र मंडल, श्री पंचदेव मंदिर सेवा समिति, श्री श्वेतांबर जैन समिति, श्री राम जानकी मंदिर पुराना बस स्टैंड की तरफ से भी पत्राचार कर शराब दुकान कहीं और शिफ्ट करने की मांग की गई है। सभी संगठन प्रमुखों ने कहा है कि पुराना बस स्टैण्ड के समीप स्थित विदेशी मदिरा दुकान अत्यंत संवेदनशील एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र में संचालित की जा रही है।

# फायरिंग करने वाला प्रेमी को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


जप्त पिस्टल व कारतूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवक एक युवती से एकतरफा प्रेम किया करता था और सिरफिरे युवक ने युवती के घर पहुंचकर पिस्टल से फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टल को बरामद कर लिया है और आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर निवासी साहिल मसीह उम्र 22 वर्ष ग्राम दोंदरो निवासी एक युवती से एकतरफा प्रेम किया करता था और अक्सर उसका पीछा किया करता था। लगातार युवती साहिल की हरकतों से परेशान रहती थी। युवती के पिता को जब यह बात पता चली कि साहिल मसीह को जमकर फटकार लगाई थी। जिसके बाद उसने बुधवार की रात लगभग 11:30 बजे अपने घर से पिस्टल लेकर अपनी प्रेमिका के घर ग्राम दोंदरो जा पहुंचा और युवती के पिता पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी साहिल के खिलाफ धारा 296, 75(1), 78(1), 109 (1) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवचना में लिया गया।

# निगम के अमले ने किया बकायादार की प्रॉपटी को सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर बकायादार की सम्पत्ति को सीलबंद की कार्यवाही की गई है। वार्ड क्र. 15 में निगम के बडे.बकायादार विहार ट्रांसपार्ट कंपनी पर की गई है। बकायादारों द्वारा यदि शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो सम्पत्तियों की सीलबंदी व उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहॉं निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही शुरु कर दी गई है। इसी कड़ी में परिवहन नगर जोन प्लांट नम्बर 14 में बकायादार बिहार ट्रांसपोर्ट कम्पनी द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि 8 लाख 68 हजार 70 रूपये निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम के राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह की अगुवाई में निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है तथा उन्हें तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं।


कार्यवाही करती निगम की टीम।

# कबड्डी देखकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**कोरबा।** एक 31 वर्षीय युवक अपने गांव के समीप स्कूल में कबड्डी देखने गया हुआ था। जहां से वह वापस लौट रहा था कि बीच रास्ते में उसे किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया है। जानकारी के अनुसार दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवगांव निवासी बृजभुवन 30 वर्ष पिता लमनू सिंह कोराम 19 फरवरी को अपने गांव के स्कूल में कबड्डी देखने गया हुआ था जहां से कबड्डी देखकर बृजभुवन वापस पैदल अपने घर लौट रहा था कि बहरा पुल के समीप पहुंचा ही था कि सामने से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने बृजभुवन को अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया था। बृजभुवन गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

## लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



## हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।




# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

## टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।





# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।



# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी

*मुंबई। एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*



## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप

### झालरौंदा में सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में प्राथमिक विद्यालय की पूर्व शिक्षिका का सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम मनाया गया। ग्राम के सरपंच सुमन जगजीवन आदिले की अध्यक्षता में और शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा के संरक्षण में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षिका इग्नशिया खोलखो पूर्व में प्राथमिक शाला झालरौंदा में पदस्थ थी। आज भी वे इस विद्यालय से सहकर्मी की तरह शिक्षकों से जुड़ी हुई है। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि ये उनके माता पिता को पढ़ाई है तो बच्चे उत्साहित नजर आए। यह सिर्फ एक व्यक्ति का सम्मान नहीं बल्कि प्राथमिक शिक्षक के पद का सम्मान है। शिक्षक अनेक साल एक ही जगह पर सेवा देते हैं तो वे परिवार की तरह शामिल हो ही जाते हैं। उन्होंने अपने पुत्र की स्मृति में विद्यालय को एक अलमारी भी प्रदान की है, जो उनके विद्यालय के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करता है। साथ ही वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाग लिए छात्रों को सरपंच के द्वारा कॉपी और पेन देकर प्रोत्साहित किया गया। शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों का नैतिक विकास होता है साथ ही उनमें सामाजिक जागरूकता आती है। प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका चंचला चन्द्रा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से गुरु शिष्य परम्परा का सम्मान होता है। यह कार्यक्रम भाव विभोर करने वाला था। विरले ही विद्यालय मिलेंगे जहां आप 20 वर्ष बाद जाकर उसी स्नेह भाव से कार्य कर सकें। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक सम्मिलित रहें।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर चांपा।** प्रधानमंत्र मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण 22 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे रेडियो टीवी दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात जन सामान्य में बहुत ही लोकप्रिय एवं उपयोगी है। इसका विस्तार सभी बुथ शक्ति केंद्र पर सामूहिक रूप से सुनने का लक्ष्य 100 बुथों पर पार्टी की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने होना अनिवार्य कहा है। मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री से अपने-अपने मंडल के सभी बूंथ केन्द्रों पर सुनने की व्यवस्था करने कहा है। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विशेष तौर पर उल्लेख करते हैं जो जानकारी हमें नहीं होती है।

### जनता यूनियन मड़वा इकाई के नवीन कार्यकारणी का हुआ गठन

**जांजगीर-चांपा।** जनता यूनियन मड़वा इकाई के नवीन कार्यकारणी समिति का गठन प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन रवि साइमन प्रांतीय सचिव ने किय। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के वरिष्ठ संरक्षक कोरबा से आए प्रदीप पाठक के द्वारा मां भारती जी की पूजा अर्चना कर किया गया। संगठनात्मक उद्बोधन संगठन के वरिष्ठ संरक्षक एस ए सईद, प्रदीप पाठक, बिलासपुर से पधारे प्रांतीय सचिव प्रदीप शर्मा रायपुर से पधारे प्रांतीय कार्यकाल सचिव कान्हा कौशिक, प्रांतीय उपाध्यक्ष यतीश वर्मा, प्रांतीय संगठन सचिव अवधेश साहू, कोरबा से आए प्रांतीय उपाध्यक्ष सम्मे लाल श्रीवास, डिस्ट्रिब्यूशन चांपा वृत्त से पधारे वरिष्ठ संरक्षक सी के राठौर , कोरबा वितरण शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद यादव,भीसम सूर्यवंशी दिया। नवीन कार्यकारणी में जनता यूनियन मड़वा इकाई से सर्व सम्मति से राहुल धुरंधर को अध्यक्ष एवं हितेश सूर्यवंशी को सचिव तथा बलराम साहू को नियुक्त किया गया है।

## निधन

### श्रीमती रजनी शर्मा



**शिवरीनारायण।** नगर की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती रजनी शर्मा का शनिवार 21 फरवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे नगर के प्रतिष्ठित नागरिक राकेश शर्मा, रितेश शर्मा एवं रवि शर्मा की माता थी।

### मोहन सिंह राजपूत



**चांपा।** स्थानीय कदंब चौक के आगे रानी रोड बाबा घाट निवासी सेवानिवृत्त पोस्टमेन स्व. गोपाल सिंह राजपूत के सुपुत्र तथा कोरबा में पदस्थ नगर सैनिक मोहन सिंह राजपूत का शनिवार 21 फरवरी को सुबह कोरबा में निधन हो गया। वे 51 वर्ष के थे। स्व. राजपूत अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ही दोपहर 2 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ समापन

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी : 17 हजार छात्र, युवा व नागरिकों ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी का समापन शनिवार 21 फरवरी को हुआ। प्रदर्शनी का समापन जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पांडे, अमर सुल्तानिया, जनपद सदस्य चुड़ामणी राठौर, सांसद प्रतिनिधि रमाकांत साहू, पलाश चंदेल, रितेश मोनू अग्रवाल के गरिमामयी उपस्थिती में हुआ।

दिल्ली के फ्रेंड्ज़ एक्जिबिशन एंड प्रमोशन की तरफ से और लेडीज सर्कल इंडिया की सहयोग से तीन दिनों तक चले प्रदर्शनी जिले के नागरिकों के लिए बेहद खास रहा। तीन दिन चले इस प्रदर्शनी में पहले दिन पांच हजार, दूसरे दिन आठ हजार और अंतिम दिन चार हजार से जादा छात्र, युवा, किसान, नागरिको ने अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में उन्होंने भ्रमण कर सरकारी विभागों की और नई तकनीकी का ज्ञान प्राप्त किया। इस प्रदर्शनी का छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने दोहपर में अवलोकन किया। प्रदर्शनी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद ने जांजगीर वासियों को केंद्रीय योजनाओं से जोड़ने का काम किया है। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव ने किया। इस दौरान फ्रेंड्ज़ एक्ज़िबिशन की प्रोजेक्ट हेड अखिला श्रीनावसन प्रस्तावना का वाचन किया एवं दत्ता थोरे ने आभार प्रकट किया। इस प्रदर्शनी में स्थानीय छात्रों ने भी अपने प्रोजेक्ट लगाए थे। इसमें लछनपुर चाम्पा के यश आई टी आई के छात्रों ने प्रोजेक्ट कैटेगरी में पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार जीता। प्रथम पारितोषिकः गोंडा ऊन वायरिंग मॉडल एंड ड्रम स्विच मॉडलः प्रियांशु तिवारी, संजय कुमार यादव, जीत कंवर, महेंद्र, अरुन, कृष्णा साहू ,सूरज श्रीवास, आलोक महंत, भूपेंद्र बरेठ, ईशु बरेठ, किशन बरेठ, दूसरा पारितोषिकः हेल्थ एंड क्लिनलिनेश प्रोजेक्ट : सोनाली शाह और गिरिधर गोपाल तथा तीसरा पारितोषकः कम्प्यूटर वर्किंग मॉडल- नेहा यादव, श्रेया केवट, दीपेश धीवर सुमित राठौर , राकेश कुमार ने प्रदर्शित किया, जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान जानकारी प्राप्त करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

### चयनित सरकारी विभागों को बेस्ट स्टॉल पुरस्कार देकर किया सम्मान

जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी के समापन अवसर पर चयनित सरकारी विभागों को बेस्ट स्टॉल पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। बेस्ट स्टॉल इन डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड मनुफैक्चरिंग : इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड एंड आर्म्ड व्हैईकल निगम लिमिटेड, बेस्ट स्टॉल डिसप्ले : साउथर्न ईस्टर्न कोल्डफिल्ड लिमिटेड, बेस्ट स्टॉल जियोलॉजिकल हेरिटेजः जीओलॉजिकल सर्व्हे ऑफ इंडिया, बेस्ट स्टॉल ईन स्टील एंड इंडसट्रियअल एक्सलेंस : भिलाई स्टील प्लांट, बेस्ट स्टॉल ईन स्पेस एंड एडवांस टेक्नलॉजी : इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाजेशन. बेस्ट स्टॉल ईन असिस्टेव्ह टेक्नॉलजी एंड सोशल एम्पॉवरमेंट : आर्टिफिशियल लिम्ज मनुफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को दिया गया। इसी प्रकार बेस्ट स्टॉल ईन सस्टेनेअबल एथॉरिटीः कोस्टल डेवलोपमेन्ट अक्वाकल्चर एथोरिटी, बेस्ट स्टॉल ईन मेडिकल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थः इंडियन कॉउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, बेस्ट स्टॉल ईन प्रमोटिंग यूज ऑफ ट्रडिशनल मेडिसिन : सेंट्रल कॉउंसिल फ़ॉर रिसर्च ईन सिद्धा, बेस्ट स्टॉल ईन व्हॅल्यू एडेड हॉल्टीकल्चर : डिपार्टमेंट ऑफ हॉल्टीकल्चर एंड प्लांटेशन क्रॉप्स, तामिलनाडु, बेस्ट स्टॉल ईन टूरीझम प्रमोशन : छत्तीसगढ़ टूरीझम बोर्ड. बेस्ट स्टॉल ईन इंजिनियरिंग कन्सलटेंसीः मिकोंन लिमिटेड, बेस्ट स्टॉल ईन माईनिंगः हिंदुस्थान कॉपर लिमिटेड तथा बेस्ट स्टॉल ईन पोल्ट्रीः सेंट्रल पोल्ट्री डेवलोपमेन्ट ऑर्गनाजेशन को दिया गया।



ग्रामीणों को जागरुक करते न्यायाधीश।

## ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- सिंघनसरा में विधि जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

ग्रामीण और स्कूली छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों से अवगत कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सिंघनसरा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रथम जिला सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने साइबर एक्ट, मोटरव्हीकल एक्ट एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जानकारी दी।

ग्राम पंचायत सिंघनसरा के पंचायत भवन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम जिला सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने 21 फरवरी को के छात्र छात्रों को पॉस्को एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, निशुल्क अधिवक्ता योजना तथा साइबर एक्ट की विस्तृत जानकारी प्रदान की। यह विधिक जागरूकता शिविर ग्रामीण और छात्र छात्रों को कानूनी अधिकारों से अवगत कराने का महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में न्यायाधीश श्री शिवहरे ने पॉस्को एक्ट के तहत बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की रोकथाम, मोटर व्हीकल एक्ट में ड्राइविंग नियम, हेलमेट अनिवार्यता एवं जुर्माने, निशुल्क विधिक सहायता योजना तथा साइबर एक्ट में ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव पर प्रकाश डाला। छात्रों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और जानकारी ग्रहण की। कार्यक्रम ग्रामीण स्तर पर कानूनी साक्षरता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विधिक जागरुकता कार्यक्रम में सरपंच नारायण प्रसाद मरकाम, अधिवक्ता राजू राठौर, चंद्रभान सिंह कोटवार पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और उपस्थित रहे।

## श्याम भक्तों ने निकाली भव्य निशान यात्रा, जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

फाग महोत्सव के पावन अवसर पर नगर में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

- श्री श्याम मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन

श्री श्याम मंदिर से शनिवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें 401 ध्वजों के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान "हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा" के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

निशान यात्रा का शुभारंभ मुकीम उद्यान स्थित पंचदेव मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना, ध्वज पूजन और बाबा श्याम के विशेष श्रृंगार के साथ किया गया। इसके बाद आकर्षक रथ में विराजित बाबा श्याम की प्रतिमा के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और रंग-बिरंगे ध्वजों के साथ पदयात्रा करते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा पंचदेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों जनपद पंचायत कार्यालय, अंबेडकर चौक,आजाद चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, शास्त्री चौक ओवर ब्रिज होते हुए श्याम मनोहर मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया तथा जगह-जगह जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। यात्रा में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे सभी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कई श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में ध्वज लेकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। वातावरण में भक्ति गीतों और शंखनाद की गूंज से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार निशान श्रद्धा, विजय और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बाबा श्याम को ध्वज अर्पित करते हैं। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान लेकर पदयात्रा करते हुए शामिल हुए।फाग महोत्सव के अंतर्गत 21 फरवरी शाम को मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायकों ने श्याम भक्ति के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।निशान यात्रा के सफल आयोजन में मंदिर प्रबंधन समिति, निशान यात्रा समिति, श्री श्याम युवा मंडल, सखी मंडल , लाडली ग्रुप तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का विशेष योगदान रहा।



निशान यात्रा निकालते श्याम भक्त।

## पीडीएस दुकानों का खाद्य निरीक्षक ने किया निरीक्षण, संचालकों को दिए दिशा-निर्देश

**तनौद।** शासन के निर्देशानुसार विकासखंड पामगढ़ की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 10 फरवरी से 20 फरवरी तक 'चावल उत्सव' का आयोजन किया गया। इस दौरान खाद्य विभाग की निगरानी में पात्र हितग्राहियों को सुव्यवस्थित ढंग से राशन वितरण सुनिश्चित किया गया। खाद्य निरीक्षक पामगढ़ दिलीप कुमार भारद्वाज ने विभिन्न राशन दुकानों का भ्रमण कर वितरण प्रक्रिया, स्टॉक की उपलब्धता और पारदर्शिता का जायजा लिया। श्री भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि 'चावल उत्सव' के दौरान विभिन्न कार्डधारकों को उनकी पात्रता के अनुसार वितरण किया गया है। अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निःशक्तजन कार्डधारकों को फरवरी और मार्च दो माह का चावल एकमुश्त प्रदान किया गया। इन्हें सामान्य चावल (नॉन-फोर्टिफाइड) का वितरण किया गया है। एनएफएसए राशन कार्ड (अंत्योदय एवं प्राथमिकता) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत इन कार्डधारकों को फरवरी माह की पात्रता अनुसार केवल फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया गया। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि उत्सव की अवधि के दौरान वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन दुकानों में सूचना पटल पर स्टॉक और पात्रता की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए ताकि हितग्राहियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।



## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति

**तुस्मा।** नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केसला के देव गणेश पब्लिक स्कूल में वार्षिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से ऐसा रंग जमाया कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस भव्य आयोजन की पहल विद्यालय के संस्थापक रोहित केवट ने की, जिसे ग्राम पंचायत केसला के सरपंच अंबिका-अर्जुन यादव का पूर्ण सहयोग और सहभागिता प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में घासीराम कश्यप (प्राधिकृत अधिकारी, सेवा सहकारी समिति एवं नवागढ़ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि) उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अंबिका-अर्जुन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेतराम साहू, बुधनारायण पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिवार के देवेश केवट के साथ समस्त शिक्षकगण एवं ग्रामवासी इस आयोजन की सफलता में सक्रिय रूप से सहभागी बने।

## श्रीमद् भागवत विश्व कल्याण के लिए सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

- कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का हुआ शुभारंभ

नगर के ठाकुर देव मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। भागवत सप्ताह यज्ञ में सत्संग लाभ के साथ भगवान की कथा और संकीर्तन का लाभ प्रतिदिन सैकड़ो श्रोता प्राप्त कर रहे हैं।

श्रीमद् भागवत कथा के ब्यास पंडित देव कृष्ण शर्मा ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए यह सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। भगवान के विविध लीलाओं का और अवतारों का इतिहास और संहिता भी यही है। संसार के लोगों को भागवत से भक्ति ज्ञान वैराग्य और तप का पुण्य फल प्राप्त होता है। भागवत श्रवण का पुण्य लाभ भगवान का भक्त बनना और जीवन को भागवत पारायण बनाना है । भक्ति करके ही हम मुक्ति और सद्गति के अधिकारी बन सकते हैं । भागवत महापुराण गर्जना करके कहता है कि मुझे आत्मसात करो मैं तुम्हें सद्गति प्रदान करूंगा। इसी श्रीमद्भागवत का आश्रय लेकर भक्ति देवी के दोनों बेटे ज्ञान और वैराग्य को किशोर अवस्था की प्राप्ति हुई उनकी जरवस्था दूर हुई थी। भागवत महापुराण को पुराणों का तिलक कहा गया है इसे पंचम वेद की उपाधि दी गई है। भक्ति में वह जादू है कि 5 वर्ष के बालक ध्रुव जी को भगवान साक्षात मिले थे । भगवान हमेशा अपने भक्त के मान बढ़ाने के लिए व संपूर्ण विश्व का कल्याण करने के लिए बार-बार अवतार भी लेते हैं। श्रीमद भागवत कथा में गिरिजा - परदेशी देवांगन एवं माया - योगेश देवांगन यजमान बने हैं। आयोजन को सफल बनाने में भगवानी चंदेल, घनश्याम देवांगन, दिलचंद देवांगन, योगेश देवांगन , राजेश देवांगन, विजयेंद्र देवांगन, हृदय कश्यप, योगेश्वर देवांगन, महेश देवांगन, हरिश्चंद देवांगन, भूखन देवांगन, सुरेश देवांगन, विष्णु देवांगन, गणपति देवांगन सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

## दिशा दर्शन भ्रमण के लिए महिला स्व सहायता समूह पुरी रवाना

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत संचालित महिला स्व सहायता समूहों की अध्यक्षों एवं सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन एवं अवलोकन हेतु जिला पुरी (ओडिशा) के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला स्व सहायता समूहों को सफल उत्पादक समूहों की कार्यप्रणाली, प्रबंधन, विपणन व्यवस्था एवं स्वरोजगार मॉडल का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना है, ताकि वे अपने जिले में भी इन मॉडलों को अपनाकर आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बना सकें। भ्रमण के दौरान समूह की महिलाएं जिला पुरी के महिला स्व सहायता उत्पादक समूहों के कार्यों का अवलोकन करेंगी। साथ ही वे पुरी एवं भुवनेश्वर के विभिन्न प्रमुख स्थलों का निरीक्षण भी करेंगी, जिससे उन्हें नए अनुभव प्राप्त होंगे और नवाचार के लिए प्रेरणा मिलेगी। प्रशासन द्वारा इसे महिला स्व सहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उनकी आर्थिक उन्नति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।





